वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 128 | रविवार 1 सितम्बर 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने आमजन के बीच मनाया अपना जन्मदिन

**विभिन्न मंदिरों में दर्शन कर प्रदेश और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की, सोशल मीडिया पर ट्रेंडिंग में रहा उप मुख्यमंत्री का जन्मदिन**




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने शनिवार को अपना 55 वां जन्मदिवस मनाया। इस अवसर पर जयपुर एवं दूदू विधानसभा क्षेत्र के निवासियों ने हजारों की संख्या में उपमुख्यमंत्री का दिल खोलकर स्वागत- अभिनंदन किया और जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने फूल बरसा कर जगह-जगह उनका भव्य स्वागत किया। डॉ बैरवा ने भी पूरी आत्मीयता के साथ सभी का अभिवादन और शुभकामनाएं स्वीकार कीं। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, केंद्रीय राज्यमंत्री एवं अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधीकरण उपस्थित रहे। अपने दिन की शुरूआत उप मुख्यमंत्री ने मोती डूंगरी गणेश मंदिर दर्शन से की। मानसरोवर वीर तेजाजी मंदिर दर्शन के बाद बाणियावाली स्थित गौशाला पहुंचे। इसके पश्चात विभिन्न जगहों पर उपमुख्यमंत्री का स्वागत सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। रेनवाल मांजी, हरसुलिया स्टैंड, लदाना मोड़, फागी सहित रामनाडा, चौरू मोड़, मौजमाबाद एवं




विभिन्न स्थानों से होते हुए 500 गाड़ियों का काफिला दूदू स्थित शैलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में पहुंचा। अपने लोकप्रिय नेता की एक झलक देखने और शुभकामनाएं देने के लिए लगभग 30 हजार लोग उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री ने भी इस दौरान सभी से आत्मीयता पूर्वक संवाद किया। उत्साहित जनसमूह अपने प्रिय डॉ बैरवा के समर्थन में नारे लगा रहा था। उपस्थित जन समूह के असीम स्नेह और शुभकामनाओं से अभिभूत हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा की जन्म दिवस के अवसर पर दूदू विधानसभा क्षेत्र के शैलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित जन आशीर्वाद कार्यक्रम में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों, देव तुल्य कार्यकताओं, एवं सम्मानित जनता-जनार्दन द्वारा प्रदत्त शुभकामनाएं एवं स्नेहाशीष के लिए हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर मेरे स्वागत के लिए आप सभी ने जिस प्रकार अपने प्रेम और आशीर्वाद की अविरल वर्षा की है उसे शब्दों में व्यक्त करना मेरे लिए अत्यंत कठिन है। उन्होंने कहा कि आप सबके द्वारा प्रदत्त यह अमूल्य आशीर्वाद ही आपणो अग्रणी राजस्थान के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को साकार करने के लिए मेरी कार्य शक्ति को अद्वितीय बल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मेरे प्रति आपका यह अटूट विश्वास और असीम समर्थन ही है जो मुझे निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होने तथा हमारे गौरवशाली राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए अनवरत प्रयासरत रहने का अपार सामर्थ्य प्रदान करता है। मैं आप सभी का कोटि-कोटि धन्यवाद ज्ञापित करता हूं और आशा करता हूं कि आपका यह स्नेह और समर्थन सदैव इसी प्रकार बना रहेगा।

## सोशल मीडिया पर ट्रेंडिंग में रहा उप मुख्यमंत्री का जन्मदिन

उप मुख्यमंत्री डॉ बैरवा का जन्मदिन आज पूरे दिन भर सोशल मीडिया पर पहले स्थान पर ट्रेंडिंग में रहा।

# परम पूज्य आचार्य श्री प्रज्ञा सागर महाराज जन्म जयंती महोत्सव के अंतर्गत द्वितीय दिवस पर किया गया महामृत्युंजय महामंडल विधान



**झालरापाटन. शाबाश इंडिया**

सकलदिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षक एवं तपोभूमि प्रणेता जैनाचार्य आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज के 52 वें जन्म जयंती महोत्सव तीन दिवसीय आयोजन के तहत शनिवार को एसटीसी स्कूलप्रांगण में महामृत्युंजय विधान का आयोजन किया गया। यह महामंडल विधान प्रतिष्ठाचार्य इंदौर निवासी नितिन झाझरी, विधानाचार्य राजकुमार जैन बैंक वालो ने विधि विधान से संपन्न कराया। इसके साथ ही संगीतकार भोपाल निवासी कुलदीप जैन एंड पार्टी ने संगीतमय तरीके से विधान की पूजन करवाई, जिसमें महिलाएं भक्ति भाव से सरोबार होकर नृत्य करने लगी। विधान में सोधर्म इंद्र गुजरात बड़ौदा निवासी मदन भाई,रुपेन भाई, महायज्ञ नायक झालावाड़ निवासी संजय जैन ताऊ, कुबेर इंद्र अहमदाबाद निवासी विक्रम भाई पारुल बेन, ईशान इंद्र कमल कुमार अरुण कुमार अजमेरा, सनत इंद्र पुष्पा पदमचंद अनोपडा, महेंद्र इंद्र सुनील रौनक लुहाड़िया सहित 52 जोड़ों ने विधान की पूजन की। शोभा यात्रा निकाली। इससे पूर्व शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से बैंड बाजों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें समाज की महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे पालकी में विराजमान भगवान की प्रतिमा के साथ युवक, युवतियां नृत्य करते चल रहे थे। शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होती हुई एसटीसी स्कूल परिसर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह विभिन्न संगठनों ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन यशोवर्धन बाकलीवाल ने किया। आज के कार्यक्रम। प्रवक्ता मनीष चांदवाड ने बताया कि रविवार को सुबह 7:30 बजे एसटीसी स्कूल परिसर में गुरु पूजन, प्रवचन, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। जन्म जयंती महोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रहेंगे। **नलिन जैन लुहाड़िया से प्राप्त जानकारी केसाथ अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी की रिपोर्ट।**

# संगिनी मैन की सदस्याओं ने किया अमरख जी व वैष्णोदेवी का भ्रमण



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

संगिनी मैन उदयपुर की सदस्याओं ने भ्रमण कार्यक्रम में प्रातः 11 बजे से सायं 5:00 बजे तक मौज मस्ती के साथ एक साथ समय बिताया। उदयपुर से दो बसों से 83 संगिनी सखियां निकल पड़ी मौसम का मिजाज देखने व खुली हवा में प्रकृति का आनंद लेने। नवकार महामंत्र से भ्रमण का शुभारंभ किया। बस में मौज मस्ती करते हुए सबसे पहले अमरख जी में शिव लिंग जी के दर्शन किए। प्रकृति के सौंदर्य को निहारते हुए सभी ने सुहाने मौसम का जमकर लुफ्त उठाया। वैष्णोदेवी। की यात्रा हेतु निकले तो सभी एक साथ ऱचलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है एवं ''जय माता दी'' का जयकारा लगाते हुए वैष्णोदेवी मंदिर के दर्शन किए। ग्रुप अध्यक्ष डॉ प्रमिला जैन ने बताया कि वैष्णो देवी की प्राकृतिक सुंदरता ने सभी संगिनी बहनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान सभी ने एक साथ स्वादिष्ट लंच व दोपहर में गरमा गरम चाय-पकौड़े व लजीज हलवे का लुफ्त उठाया। सभी सदस्यों ने इस प्रकार के भ्रमण की बहुत ही अनुशंसा की।

# हसमुख जैन गांधी अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार की विशेषज्ञ पेनल में मनोनित

**इन्दौर. शाबाश इंडिया।** जैन समाज के रत्न कर्मठ, सहज, सरल सोम्य व्यक्तित्व के धनी बरिष्ठ समाजसेवी हसमुख जैन गांधी इन्दौर को भारत सरकार के अल्पसंख्यक आयोग में सलाह देने हेतु सामुदायिक नेताजी की विशेषज्ञ पेनत में सम्मिलित किया गया है। भारत सरकार के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अण्डर सेकेटरी राजीव मोहन द्वारा नियुक्ति पत्र जारी कर हसमुख जैन गांची को इस आशय की जानकारी प्रदान की है। इस उपलब्धि से जैन समाज में खुशी की लहर इंदौर दिगम्बर जैन समाज समाजिक सांसद के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी सुशील पांड्या मंत्री डॉ जैनेन्द्र जैन महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल फेडरेशन के अध्यक्ष राकेश विनायका,



टीके वेद राजेन्द्र महावीर आजाद जी जैन राजीव जैन बंटी राजेश जैन दद्दू विपीन गांधी परवार समाज महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता जैन सारिका जैन दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन की शिरोमणि संरक्षिका पुष्पा कासलीवाल गांधी को अनेक स्नेहीजनों ने हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। उल्लेखनीय है कि गांधी, विगत चार दशकों से समाजसेवा के कार्यों में संलग्न होकर अपने व्यापार-व्यवसाय को शिखर पर पहुंचाने के साथ अनेकों संस्थाओं में अपनी ऊजार्वान सेवाएं प्रदान कर रहे है। जैन युवारत्न , उध्योगरत्न, भूमि निर्माण अवार्ड जैसी अनेको उपाधियो से सम्मानित आपको देश के सभी महान आचार्यों मुनिराजों- आर्यिका माताजी, भट्टारक स्वामीजी का आशीर्वाद प्राप्त है। जैन जगत के सबसे बड़े आयोजन गोम्मटेश्वर भगवान बाहुबली स्वामी महामस्तकाभिषेक में 1992, 2006, 2018 में आपने अनेको जिम्मेदार पदों पर कार्य किया। साथ ही बावनगजा महामस्तकाभिषेक, कुंडलपुर महोत्सव, हस्तिनापुर महोत्सव, मांगीतुंगी महामस्तकाभिषेक, जहाजपुर अतिशय क्षेत्र, पावागिरि ऊन सहित अनेक तीर्थों में आप सक्रिय पदाधिकारी होकर विकास कार्यों के प्रमुख सलाहकार भी है। व्यावसायिक क्षेत्र में कोल्ड चेन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष इन्दौर जिला उर्वरक संघ अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पद पर कार्य कर गांधी फर्टिलाइजर्स, गांधी कोल्ड स्टोरेज, इन्दौर फर्टिलाइजर्स का कुशल संचालन कर रहे है। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष (2017-18) शाश्वत तीर्थ क्षेत्र कमेटी में आप राष्ट्रीय पदाधिकारी है। इन्दौर दिगम्बर जैन समाज द्वारा एक वर्ष में आयोजित पांच से अधिक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सथ के अध्यक्षा के रुप में आपने अनेकों सफलतम आयोजन संपन्न किए हैं।

# एक दूसरे की धर्म आराधना में सहायक बने युवाचार्य महेंद्र ऋषि जी महाराज





## धर्मसभा में बताए पर्युषण पर्व के दौरान करने योग्य कार्य...

**सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया**

चैन्नई। पर्युषण आत्मा की शुध्दि महा पर्व है। शनिवार को एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर के आनन्द दरबार मे श्रमणसंघीय युवाचार्य भगवंत श्री महेंद्र ऋषि जी महाराज ने श्रध्दांलुओ प्रवचन देतें हुए कहा कि पर्वाधिराज पर्युषण पर्व का स्वागत उत्साह, उमंग के साथ होना चाहिए।इन आठ दिनों के लिए बाहरी कनेक्टिविटी का त्याग करना है। और भीतर में आनंद की प्राप्ति करनी है ।तो आने वाले आठ दिनों के आत्मा के उपचार में कम से कम आठ परहेज करना है। पर्युषण पर्व की आराधना करना चाहते हैं तो रात्रि भोजन का त्याग करना चाहिए। यह सबसे महत्वपूर्ण और सबसे बड़ा कार्य हमारे पूर्वजों ने बताया है। इससे कई पापों से सहज ही बच जाते हैं। इससे शारीरिक, आध्यात्मिक, पारिवारिक कई फायदे हो जाते हैं। आठ दिन तो व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी बंद रखने चाहिए। यदि ऐसा न हो सके, तो कम से कम यह संकल्प लें कि सूर्यास्त पश्चात भोजन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा तप का प्रभाव ऐसा होता है, जिसके कारण आपकी शारीरिक तकलीफ सामने आ जाती है। शरीर खाली होने से इंटरनल रेडिएशन हो जाता है। इससे कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। लीलोतरी (हरी सब्जियों) का त्याग उन जीवों को अभयदान देता है। आठ दिनों के लिए ब्रह्मचर्य का पालन तन और भावों से करना है।यह आत्मशक्ति को बढ़ाने वाला हैं, संकल्प शक्ति को मजबूत करने वाला है। मनोरंजन, ताश, चौपड़, आनलाइन गेम आदि का त्याग करना है। ये हमारे मन को कलुषित करने वाले हैं, वीभत्स प्रवृत्ति को जन्म देने वाले हैं। यह एक ऐसा नशा है कि मन वहां हारना नहीं चाहता और हारने पर अधिक उत्तेजित हो जाता है। उन्होंने कहा प्रतिदिन कम से कम एक घंटे जागते हुए मौन व्रत रखना है। वाणी, खान-पान आदि की इच्छाओं पर संयम रखना है। प्रतिदिन कम से कम पांच सामायिक करनी है।पांच सामायिक लगातार करने से एक उपवास का फल मिलता है। हमें मोक्ष का रास्ता ढूंढना है, रास्ता जो भी पकड़ो। हमें कटु वचन का उपयोग नहीं करना है।गुस्से में कड़वे शब्दों का प्रयोग नहीं करना है।उन्होंने कहा बोलो तो मीठा बोलो, कड़वा तो बोलना ही नहीं है। ये सब उपाय राग-द्वेष कम करने के उपाय है।यथाशक्ति तप-त्याग को अपनाएं। एक दूसरे की धर्म आराधना में सहायक बनें। धमार्राधना को तल्लीनता, सम्मान, आस्था के साथ करेंगे तो हमारी आत्मा की शुध्दि हो सकती है।इस दौरान वरिष्ठ श्राविका विमलाबाई सिंघवी ने मासक्षमण की पचकावनी ली। वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ तमिलनाडु के पदाधिकारियों तपस्वी बहन का बहुमान किया। महासंघ के मंत्री धमीचंद सिंघवी ने बताया कि ब्यावर, चंद्रपुर, सूरत, प्रतापगढ़ व महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों से भक्तगण युवाचार्यश्री के दर्शनार्थ व वंदनार्थ उपस्थित हुए। शनिवार को नवकार मंत्र जप के लाभार्थी योगेश- रौनक सिंघवी व अन्नदान कार्यक्रम के लाभार्थी अजय- अनिल नाहटा थे। राकेश विनायकिया ने सभा का संचालन किया।

# जैन विद्या बहुत व्यापक है : प्रो अरावमुदान

**नई दिल्ली. शाबाश इंडिया**

दिनांक 28 अगस्त 2024,जैनदर्शन विभाग, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में दर्शनपीठ प्रमुख प्रो. अरावमुदान की अध्यक्षता में जैन विद्या डिप्लोमा अंशकालीन पाठ्यक्रम का सत्रारंभ समारोह एवं मासिक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। आरंभ मेंसर्वप्रथम आचार्य द्वितीय वर्ष की छात्राएं शुभी जैन, चेतना जैन ने मंगलाचरण किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रो. अनेकान्त जैन ने कहा कि जैन विद्या अंशकालीन पाठ्यक्रम की शुरूआत 2017 में हुई थी ,और इसमें दिल्ली एनसीआर के 40 से अधिक लोगों ने प्रवेश लिया । फिर अगले सत्र से इसकी संख्या निरंतर बढ़ती रही । हमारे यहां से जैन विद्या डिप्लोमा करने वाले चार विद्यार्थी आज पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर चुके हैं और एक पीएचडी कर रहे हैं। विभागाध्यक्ष प्रो.




वीरसागर द्वारा स्वागत उद्बोधन हुआ जिसमें उन्होंने बताया कि जैन दर्शन की व्यापकता सीमित नहीं है, हमें हर विषय में जैन आचार्यों का योगदान देखने को मिलता है। चाहे वह विज्ञान, मनोविज्ञान, संगीत, गणित आदि जैसे विषय ही क्यों न हो। इसके बाद डिप्लोमा के भूतपूर्व विद्यार्थियों ने जिन्होंने पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर ली है, अपना अनुभव बताया कि कैसे वो जैन दर्शन विभाग में अपनी पढ़ाई करते थे और उस पढ़ाई से उन्हें वर्तमान में कितना लाभ हुआ है । वर्तमान विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव प्रस्तुत किए। तत्पश्चात अध्यक्षीय वक्तव्य प्रो. अरावमुदान द्वारा हुआ जिसमें उन्होंने कहा कि जैन विद्या बहुत व्यापक है ,इसीलिए मैंने पदभार ग्रहण करने के बाद सर्व प्रथम महावीर जन्मकल्याणक पर एक गोष्ठी का आयोजन करवाया था। उन्होंने संस्कृत भाषा में भक्तामर स्तोत्र के दो छंदों की अत्यंत मार्मिक व्याख्या करके सबका मन मोह लिया । प्रो. कुलदीप ने अंत में सबका धन्यवाद ज्ञापन किया। ज्ञातव्य है कि जैन दर्शन विभाग, राजधानी दिल्ली में एक मात्र केंद्र है जो एक केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में संचालित है तथा यहाँ से जैन दर्शन विषय में शास्त्री, आचार्य, पीएचडी, डिप्लोमाई आदि नियमित पाठ्यक्रम संचालित होते हैं।

**प्रेषक- भव्या जैन शास्त्री (तृतीय वर्ष)**

## वेद ज्ञान


### जीवन को दिशा देने के लिए सत्संग में नियमित सम्मिलित होना चाहिए

जीवन उत्सवमय तभी होता है, जब सभी को साथ लेकर चलें। एकाकीपन नीरसता लाता है। निष्ठुरता लाता है। संसार में विविधता है और इस विविधता में ही पार पाना है। समूह-भाव से ही जीवन-उत्सव बनता है। परिजन मिलकर रहें। सबको साथ लेकर चलना ही अभीष्ट है। पर्वों को तो विशेष उत्साह से मनाएं। सबके मंगल की कामना करें। पर्वों पर अड़ोस-पड़ोस और परिजनों का विशेष ध्यान रखें। कोई भूखा न रह जाए। केवल अपने लिए जीना या स्व उदरपूर्ति तक केंद्रित रहना अच्छी बात नहीं है। जीवन संस्कारमय तो तभी होगा, जब समग्रता के साथ गुणों का संवर्धन होगा। इसलिए आत्मचेतना का सामाजिक विस्तार निरंतर बना रहना चाहिए। जब ईश्वर ने हमें सेवा के योग्य बनाया है तो सेवा से संबंधित विविध कार्यों का विस्तार होना चाहिए। सेवा हमारे मन की पावन भावना है, जो हमें राग-द्वेष और भेदभाव से ऊपर उठाती है। सामूहिक भाव मन में प्रसन्नता लाता है। पर्व और मेले सामूहिक संस्कार को जगाते हैं, किंतु आज की भागमभाग जिंदगी में हम पर्वों का आनंद भी नहीं उठा पाते। सत्संग में नियमित सम्मिलित होना चाहिए। जीवन को दिशा देने के लिए, विषाद को दूर करने के लिए ये बहुत उपयोगी हैं। इनसे ईश्वरीय विचार पुष्ट होते हैं और मानव जीवन की महिमा पुष्ट होती है। इसलिए आवश्यकता यही है कि हम अपने सोचने का तरीका और दृष्टिकोण बदलें। आनंदमय जीवन की कल्पना तभी प्रत्यक्ष होगी, जब मन में सत्संकल्प और सद्विचार सुदृढ़ होंगे। आइए अपने आनंदमय स्वरूप का चिंतन करें, सर्वकल्याण की कामना करें और परमात्मा की प्रकृति का सदुपयोग करें। ईश्वर ने इतने उपहार दिए हैं, उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करें। जब परमात्मा ने बिना किसी शुल्क के हमें इतने वरदान दिए हैं तो क्यों न हम भी प्राणिमात्र की सेवाओं को जीवन का अनिवार्य अंग बनाएं? पूर्ण आत्मविश्वास के साथ निडर होकर जीवन क्षेत्र में आगे बढ़ते रहें। हमारा जीवन अमरत्व की साधना है। मृत्यु से अमरत्व की ओर बढ़ना ही जीवन का पर्व है। इस जीवन पर्व को उल्लास और आनंद के साथ पूर्णता दें। परमात्मा के मंगल विधान की पूर्णता में अपना संपूर्ण योगदान दें। हम पाएंगे कि जीवन हमें स्वयं पूर्णता प्रदान कर रहा है। पर्व की ज्योति हमें प्रकाशित कर रही है।

## संपादकीय

### बीजिंग को दिखाना होगा लचीला रुख

भारत और चीन के बीच विवादित सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बहाल करने के मकसद से बेजिंग में हुई परामर्श और समन्वय के लिए कार्यतंत्र यानी डब्लूएमसीसी की इकतीसवीं बैठक निस्संदेह आशाजनक कही जा सकती है। इस बैठक में दोनों पक्षों ने इस बात पर जोर दिया कि सीमा पर तनाव को कम करने और लंबित मुद्दों का समाधान खोजने के लिए ऐसी बातचीत बेहद जरूरी है, जो स्पष्ट, रचनात्मक और भविष्य की जरूरी संभावनाओं के प्रति उन्मुख हो। यह बैठक दरअसल, पिछले महीने दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की आसियान और शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान हुई मुलाकातों में सीमा विवाद को सकारात्मक ढंग से निपटाने को लेकर बनी सहमति के आधार पर बुलाई गई थी। यों भारत-चीन सीमा विवाद पुराना है, मगर चार साल पहले गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच हुए संघर्ष के बाद कड़वाहट बढ़ गई थी। वह तनाव अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। तब से लेकर अब तक इसे सुलझाने के लिए राजनयिक और सैन्य स्तर की कई बैठकें हो चुकी हैं। ताजा बैठक उसी की कड़ी थी। इसे सकारात्मक रुख माना जाना चाहिए कि चीन ने कभी सीमा विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत से खुद को अलग नहीं किया। कुछ मौकों पर तो खुद चीन के सैन्य अधिकारियों ने भी बैठक बुलाई और उसके सकारात्मक नतीजे भी देखने को मिले। अगर चीन सचमुच सीमा पर शांति और स्थायित्व का पक्षधर है, तो उससे लचीले रुख की अपेक्षा स्वाभाविक है। दरअसल, अनेक मौकों पर देखा गया है कि बैठकों में तो चीन के अधिकारी सकारात्मक रुख जाहिर करते हैं, पर व्यवहार में वहां की सेना विस्तारवादी नीतियों पर आगे बढ़ती नजर आती है। भारत की शिकायत अभी अपनी जगह बनी हुई है कि चीन ने भारत के हिस्से वाले भूखंड पर नजर गड़ाई हुई है। कई जगह उसने अवैध निर्माण तक की कोशिश की है। राजनीतिक स्तर पर भी चीन की रणनीति भारत को चारों तरफ से घेरने की ही देखी जाती रही है। वह भारत के पड़ोसी देशों में अपनी पैठ बना कर एक तरह से भारत पर सामरिक शिकंजा कसने का प्रयास करता देखा जाता है। दो देशों के रिश्ते पारदर्शिता पर ही टिकाऊ और स्थायी बन सकते हैं। ऐसा नहीं हो सकता कि विश्व मंचों और औपचारिक बैठकों में तो रचनात्मक संबंधों की जरूरत पर बल दिया जाए और व्यवहार में संदेह पैदा करने वाली गतिविधियां चलाई जाएं। पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और बांग्लादेश में उसने आर्थिक सहयोग के नाम पर जैसी गतिविधियां चलानी शुरू की हैं, वे भारत के लिए किसी भी रूप में रचनात्मक नहीं कही जा सकतीं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दबदबा कायम करने के लिए चीन ने जिस तरह की सामरिक बाड़बंदी की है, वह भी भारत के लिए चिंता का विषय है। इन सबके बावजूद भारत व्यापारिक मामलों में चीन का एक बड़ा सहयोगी है।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

### भारत की अर्थव्यवस्था

कई बार साधारण-सी दिखने वाली कोई पहल आगे चलकर दूरगामी महत्त्व की साबित होती है। दस वर्ष पहले जब जन धन खाता योजना की शुरूआत हुई, तो इसे लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई गईं थीं। मसलन, अगर साधारण लोग बैंक में खाता खोल रहे हैं तो खाता चालू रखने की शर्तों को कैसे और कितने दिन तक पूरा कर पाएंगे और इससे आम लोगों के साथ-साथ देश को क्या लाभ होगा! अब यह कहा जा सकता है कि जन धन खाता योजना में महत्त्वपूर्ण कामयाबी मिली है और एक बड़ा तबका इससे लाभान्वित हुआ है। इसके अलावा, इसने देश की अर्थव्यवस्था में काफी अहम योगदान दिया है। शायद यही वजह है कि जिस समय दुनिया भर में आर्थिक उतार-चढ़ाव और उथल-पुथल है, कई देशों में मंदी का माहौल है, उस समय भारत में केवल जन धन खातों में ढाई लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि जमा है। गौरतलब है कि जन धन खाता योजना शुरू होने के बाद समाज का एक बड़ा वंचित और गरीब तबका बैंकिंग क्षेत्र के दायरे आया। इस तबके के लोगों का खाता अगर किसी बैंक या डाकघर में किसी तरह खुल भी जाता था, तो उसे बनाए रखना उनके लिए मुश्किल था। इसके मद्देनजर जन धन खाता योजना में यह सुविधा दी गई कि खाते में न्यूनतम राशि अगर नहीं है, तब भी खाता कायम रहेगा। साथ ही, जमा राशि पर ब्याज मिलने के अलावा एक अहम पहलू दुर्घटना बीमा के तहत अब दो लाख रुपए तक की सुरक्षा राशि दिया जाना है। इस योजना के खाताधारकों को विभिन्न सरकारी कल्याण योजनाओं के तहत मिली राशि सीधे हस्तांतरित करने में मदद मिलती है। आज ग्रामीण लोगों और खासकर महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण में इस योजना ने बड़ी भूमिका निभाई है, जो राष्ट्रीय स्तर पर समावेशी वित्तीय विकास का एक ठोस आधार बना है। यह देखने की बात होगी कि देश के विकास में गरीब तबकों के समावेशन के जिस मकसद से इस योजना की नींव रखी गई थी, वह आने वाले वक्त में किस हद तक वास्तव में जमीन पर उतरती है।



# अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद द्वारा वृक्षारोपण




**खेरवाड़ा. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद शाखा खेरवाड़ा द्वारा हरियालो राजस्थान के तहत निचला खेरवाड़ा स्थित श्रृष्टि विहार विद्यालय परिसर में अध्यक्ष जतिन कोठारी के नेतृत्व में आम, अनार, आवला, चीकू, सीताफल सहित विभिन्न प्रजातियों के ग्यारह पौधे लगाए गए, परिषद की ओर से पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए। महामंत्री प्रतीक जैन ने बताया कि परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधों की सुरक्षा का भी संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जतिन कोठारी, महामंत्री प्रतीक जैन, उपाध्यक्ष कार्तिक जैन, संगठन मंत्री अक्षय मेहता, कोषाध्यक्ष रोमिल जैन, हिमांशु नागदा, भव्य जैन, हितेश चंदावत, सिंह वाहिनी प्रभारी शिव कुमार जोशी, महावीर इंटरनेशनल पूर्व अध्यक्ष तुषार जोशी आदि उपस्थित रहे है।

# महावीर पब्लिक स्कूल को मिला "द बेस्ट स्कूल इन नॉर्थ इंडिया अवार्ड"




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिनांक 30 अगस्त 2024, शुक्रवार महावीर पब्लिक स्कूल, सी-स्कीम, जयपुर के लिए अत्यंत प्रसन्नता एवं गर्व का दिन रहा, क्योंकि गुरुग्राम स्थित क्राउन प्लाजा में आयोजित ''नॉर्थ इंडियाज स्कूल मेरिट अवार्ड्स फेलिसिटेशन सेरेमनी'' में महावीर पब्लिक स्कूल सी-स्कीम जयपुर को एजुकेशन टुडे की ओर से नॉर्थ इंडिया स्कूल्स रेटिंग एंड रैंकिंग के अंतर्गत बेस्ट स्कूल्स इन नॉर्थ इंडिया अवार्ड, रिवार्डिंग एक्सीलेंस इन एजुकेशन 2024-25 की श्रृंखला में ''बेस्ट करिकुलम डिजाइन एडैप्टेशन अवार्ड'' से सम्मानित किया गया। मानद् मंत्री सुनील बख़्शी ने बताया यह अवार्ड महावीर पब्लिक स्कूल को पंजाब, हिमाचल-प्रदेश, जम्मू- कश्मीर, उत्तराखंड और राजस्थान के 100 स्कूलों में से चुनकर प्रदान किया गया है। महावीर स्कूल को यह अवार्ड एकेडमिक्स एंड पेडॉगॉजी, टीचर्स को- करिकुलर एजुकेशन, स्पोर्ट्स एजुकेशन, कम्युनिटी सर्विस, करियर काउंसलिंग एंड एडवांसमेंट, साइकोलॉजिकल वेल बिंग ऑफ स्टूडेंट्स, फ्यूचर प्रूफ लर्निंग इंफ्रास्ट्रक्चर, एकेडमिक रेपुटेशन, एक्सीलेंस इन एजुकेशन आदि विषयों के आधार पर दिया गया। यह अवार्ड महावीर पब्लिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती सीमा जैन के कुशल नेतृत्व एवं अध्यापकों के कठिन परिश्रम व टीमवर्क का सफल परिणाम है। संस्था के अध्यक्ष उमरावमल संघी, मानद् मंत्री सुनील बख़्शी, कोषाध्यक्ष महेश काला, संयोजक सुदीप ठोलिया एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने प्राचार्या एवं अध्यापक गणों की कड़ी मेहनत से प्राप्त इस सफलता के लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई दी।

# श्रावकों ने मनाया गणिनी आर्यिका गौरवमती माताजी का द्वितीय समाधि दिवस समारोह

## अष्ट द्रव्यों से किया गुरु पूजन, समाधि स्थल पर चढ़ाया पुष्पचक्र

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

भारतवर्षीय दिगंबर जैन समाज की विख्यात गणिनी आर्यिका रत्न सुपार्श्वमती माताजी की शिष्या, मध्यलोक सृजनिका, शिष्योत्तमा श्रमणी, डॉ. गणिनी आर्यिका गौरवमती माताजी का शनिवार को समाधि दिवस मनाया गया, मुख्य आयोजन आगरा रोड़, चुलगिरी (जैन अतिशय क्षेत्र) स्थित समाधि स्थल किया गया। जहां जैन श्रद्धालु एकत्रित हुए और पूज्य माताजी के समाधि स्थल पर गुलाब और जल से अभिषेक कर शुद्धिकरण किया गया। इसके पश्चात अष्ट द्रव्यों के साथ गुरु पूजन किया गया, पूजन के बाद सभी श्रद्धालुओं ने सम्पूर्ण अर्घ के मंत्रोच्चारण के साथ पुष्पचक्र चढ़ाया और श्रावकों ने पुष्प अर्पित कर माताजी को श्रद्धांजली दी। इस दौरान सभी श्रावकों ने मेरी भावना, समाधि मरण और जैन भजनों का गुणगान किया एवं अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा मानद मंत्री हेमंत सौगनी, राज प्रमोद शाह और अजीत पाटनी ने पूज्य माताजी को विन्यांजली स्वरूप श्रद्धांजलि अर्पित की। अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू ने बताया की गणिनी आर्यिका गौरवमती माताजी की समाधि भाद्रपद कृष्ण त्रयोदशी के दिन रात्रि 11.22 बजे भट्टारक जी की नसियां में विराजमान आचार्य सुनील सागर महाराज सहित 60 से अधिक दिगंबर जैन संतों और साध्वियों के सानिध्य में हुई थी, उस दिन 25 अगस्त 2022 का दिन था, किंतु जैन धर्म में तिथियों का महत्वपूर्ण स्थान है इसलिए तिथियों के आधार पर ही सभी पर्वो का आयोजन होता है, इस बार भाद्रपद कृष्ण त्रयोदशी शनिवार, 31 अगस्त 2024 को आने से इसी



दिन पूज्य गौरवमती माताजी का समाधि दिवस मनाया गया। शनिवार को माताजी की द्वितीय पुण्य तिथि थी, गुरु पूजन और पुष्पचक्र भेंट कर अंत सभी भक्तों ने माताजी की मंगल आरती की। शनिवार को माताजी के समाधि दिवस पर चुलगिरी, बड़ के बालाजी, पदमपुरा, जनकपुरी और श्याम नगर इत्यादि जैन मंदिरों में पूज्य माताजी का सामूहिक पूजन किया गया और सभी श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भक्ति के भावों को धारण कर अर्घ चढ़ा माताजी को याद किया और श्रद्धासुमन चढ़ाए। इस दौरान प्रभात सिंघई, राजेंद्र बड़जात्या, अजीत पाटनी, प्रवीण बड़जात्या, सर्वेश जैन, राजेश सेठी, मनोज जैन, अमित जैन, मनोज गोधा, संजय कासलीवाल, आशीष गोधा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल हुए।

# दो दिवसीय दौरे पर सवाईमाधोपुर रही नलिनी कठोतिया

## विभागीय योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकतम लोगों को मिले

**सवाईमाधोपुर. शाबाश इंडिया**



अल्पसंख्यक मामलात विभाग की निदेशक नलिनी कठोतिया जिले के दो दिवसीय दौरे पर रही ' इस दौरान बाघों की नगरी में निदेशक महोदया के पधारने पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मनोज कुमार मीना और कार्यक्रम अधिकारी भावना शर्मा ने स्वागत सत्कार करने के बाद विभागीय योजनाओं के द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग के सभी समुदायों को लाभान्वित करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। निदेशक नलिनी कठोतिया ने निर्माणधीन भवन का भ्रमण कर निर्माण कार्य कार्यदेश अनुसार पूर्ण करने के निर्देश देते हुए निमार्णाधीन बालक छात्रावास एवं कॉमन सर्विस सेन्टर के भूमि विवाद प्रकरण के सम्बन्ध में नगर विकास न्यास सचिव बृजेन्द्र मीना के साथ संयुक्त विजिट कर समाधान के लिए जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव से फोन पर वार्ता की। इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मनोज मीना ने बताया की निदेशक महोदया द्वारा जिला मुख्यालय पर संचालित राजकीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय भवन का निरीक्षण करते हुए उसमें अध्ययनरत विधार्थियों से सवाल पूछ कर उनके शैक्षणिक स्तर तथा उनको प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम अधिकारी भावना शर्मा ने बताया कि निदेशक महोदया द्वारा जिला मुख्यालय पर संचालित मदरसा तालीमुल कुरआन देशवालियान, मदरसा तालीमुल इस्लाम अंसारियान एवं मदरसा अंजुमन इस्लामिया सवाईमाधोपुर का विस्तृत निरीक्षण कर उपलब्ध संसाधनों एवं सुविधाओं का मदरसों में अध्ययनरत छात्रों को पूर्ण लाभ देने के निर्देश प्रदान किए ' उन्होंने ने योजनाओं का लाभ जिले के अल्पसंख्यक वर्ग के सभी समुदायों तक पहुंचे इस बात पर विशेष जोर दिया। इस दौरान लेखाधिकारी मनीष कुमार गर्ग एवं वरिष्ठ सहायक दिनेश मीना, शुभम शर्मा, अब्दुल रसीद तथा कमालुद्दीन खांन ने निरीक्षण में सहयोग प्रदान किया तथा अधीनस्थ कर्मचारियों की समस्याओं से निदेशक महोदया को अवगत करवाया।

# सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ क्षेत्र बना अतिशयकारी

**गुन्सी, निवाई. शाबाश इंडिया।** परम पूज्य भारत गौरव गणिनी आर्यिका गुरु मां 105 विज्ञाश्री माताजी की पावन प्रेरणा एवं आशीर्वाद से श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी राजस्थान की पावन धरा पर 108 फीट उत्तुंग कलशाकार सहस्त्रकूट जिनालय का निर्माण हो रहा है। कुछ समय पूर्व ही इस क्षेत्र पर एक नया ऐतिहासिक दृश्य भक्तों को देखने को मिला। चैतन्य चमत्कारी श्री शांतिनाथ भगवान का स्वतः ही सुगंधित जल से मस्तकाभिषेक हो रहा था। लाखों भक्त इस अतिशयकारी पल के साक्षी है। इस क्षेत्र के प्रति भक्तों का लगाव एवं श्रद्धा से ही यह अतिशय घटित हुआ है इसमें कोई संदेह नहीं। निरंतर चल रही आराधना के माध्यम से जन जन में पवित्र ऊर्जा का संचार हो रहा है।आज निवाई महिला मंडल ने पूज्य आर्यिका संघ की पारणा कराने का सौभाग्य प्राप्त किया।



तत्पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने माता जी के श्री मुख से उद्बोधन सुनते हुए धर्म की पाठशाला में मार्मिक सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। माताजी ने प्रवचन में कहा कि जिन धर्म एक ऐसा धर्म है जो राग द्वेष भेदभाव से रहित होकर सभी प्राणियों के हित की चर्चा करता है।पर प्राणियों को वास्तविक सुख का अनुभव धर्म से ही होता है। पर विरले जीव ही धर्म को समझ पाते हैं और समझने वाले कुछ जीव ही अंगीकार कर पाते हैं। विज्ञातीर्थ क्षेत्र पर यात्रियों के लिए आवास एवं भोजन की समुचित व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा की गई है। इस अतिशय क्षेत्र की वंदना करने का भाव बनाकर अपने जीवन में अतिशय पुण्य कमाए।

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज के प्रवचन से...



**कुलचाराम, हैदराबाद. शाबाश इंडिया**

सच्चाई के रास्ते पर चलने में ये फायदा है कि भीड़ कम मिलेगी..!

इसलिए प्रभु और गुरू के चरणों में बैठो, तो उन जैसा आचरण ही माँगना। क्योंकि जिन-चरण और आचरण में दुनिया के सारे सुख, सारी सम्पदाओं का वास हुआ करता है। जिन-चरण मिल गये तो मान के चलना, सब कुछ मिल गया। और गुरू चरण मिल गये तो समझना, भगवान मिल गये। चरण पकड़ोगे तो स्वर्ग के यात्री बन जाओगे। और आचरण को पकड़ोगे तो मोक्ष के यात्री बन जाओगे। आस्था -- आचरण को जन्म देगी और विश्वास चरणों को। विश्वास से चरण और आस्था से आचरण। विश्वास टूट सकता है पर सच्ची आस्था होने पर लाख तूफान भी आ जाये, पर टूट नहीं पाती। जो आस्था - आचरण को जन्म ना दे, वो आस्था बांझ है। जो आस्था - परमात्मा से ना मिलाये या भगवान ना बनाये, तो समझना अंधी है। इसलिये चरणों से स्वर्ग की यात्रा और आचरण से मोक्ष यानि अनन्त सुख का धाम।

हे गुरूदेव, अब तक चरण छूये हैं आपके..

दो आशीष - आचरण छू सकूँ आपके।

-नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद।


जन्म तिथि
01-09-1920





## स्वर्गीय श्रीमती सरोज देवी जैन रांवका

**धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री कैलाशचन्द्र जी शास्त्री के 01-09-2024 पर 104वें जन्म दिन पर (शतायु पार) होने पर बहुत-बहुत मंगलमयी हार्दिक शुभकामनाएं**

**शुभेच्छु**

श्रीमती निर्मला जैन धर्म पत्नी स्व. श्री महेन्द्र कुमार जैन, डॉ राजेन्द्र-उर्मिला, डॉ निर्मल-शीला, सुरेन्द्र-इन्दिरा, रवि-आशिमा, प्रमोद-संगीता, मनोज-स्मिता जैन (पुत्र-पुत्रवधु), लता-अनिल जी शुक्ला (पुत्री-दामाद) एवं सरोज-निकेतन परिवार।

**निवास: डी-58, सरोज निकेतन, ज्योति मार्ग, बापूनगर, जयपुर-302015, मो. 9829123527, 9928282419**

# 251 कुडींये विश्व शांति महायज्ञ में सवा करोड़ मंत्रों के साथ दी आहुतियां

## श्री सिद्धचक्र महा मंडल विधान के समापन पर निकली शोभायात्रा। जगत कल्याण की कामना के लिए इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए : एस पी विनीत कुमार

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में पार्श्वनाथ जिनालय मैदान पछाड़ी खेड़ा रोड़ पर नवाचार्य श्री समयसागर जी महाराज एवं मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के आशीर्वाद से 22 अगस्त से प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भइया एवं नरेश भइया के निर्देशन में चल रहे आठ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महा मंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ की पूर्ण आहूति वृहद मंत्रों के साथ हो गई इस अवसर पर शहर के प्रमुख मार्गो से भगवान जिनेन्द्र देव की भव्य रजत पालकी यात्रा निकाली गई।

### जगत कल्याण की कामना के लिए एस पी सहाब ने की शान्ति धारा

इसके पहले आज श्री सिद्धचक्र महा मंडल विधान एवं विश्वशांतिमहायज्ञ के समापन पर जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भइया नरेश भइया के बृहद मंत्रोच्चार के साथ की गई जिसका सौभाग्य जिला पुलिस अधीक्षक एस पी सहाब विनीत कुमार जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल सौरव कुमार अतुल कुमार सिंघई राजेश कुमार राहुल कुमार तारई स्टील परिवार सहित अन्य भक्तों को मिला इस दौरान प्रदीप भइया ने कहा कि सिद्धो की आराधना सिद्धचक्र मंडल के साथ करने के महत्व को समझते हुए आप लोगों ने इस महा आराधना में ध्वजारोहण से ही बड़ चढ़ कर भाग लेते हुये अपने पुण्य को भी खूब बढ़ाया।

### शान्ति धारा करने का मन पहले से ही वना लिया था : एस पी

इस दौरान एस पी विनीत कुमार ने कहा कि मुझे बताया गया आठ दिवसीय विश्व शांति महायज्ञ का समापन है तो मैंने पहले से ही जगत कल्याण की कामना करने के लिए शान्ति धारा करने का मन बना लिया था विश्व शांति के लिए इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि विश्व शांति महायज्ञ में आज वृहद मंत्रों चार के साथ आहूतिया समर्पित की जा रही है ये मंत्र सम्पूर्ण वातावरण को शुद्ध करने काम करते हैं कमेटी संयोजक मनोज रन्नौद ने सभी के प्रति अपनी क्रतगयता ज्ञापित की इस दौरान एस पी विनीत कुमार जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री विजय धुर्रा संजीव भारिल्य संयोजक मनोज रन्नौद




उमेश सिघई ने शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया

### 251 कुडीये विश्व शांति महायज्ञ में की सवा करोड़ मंत्रों के साथ की आहूतिया समर्पित

इस दौरान सबसे पहले सत्रह अर्घो का समर्पण प्रमुख पात्रो दारा किया गया इसके बाद विश्व शांति महायज्ञ में विभिन्न पात्रों द्वारा आहूतिया समर्पित की गई जिसका तीर्थंकर कुंड पर मैन सुन्दरी श्रीपाल राजा सुरेशचंद्र सुधीर कुमार सजीवकुमार रिक्कू ओडेर सौ धर्म इन्द्र सुभाष कुमार, राहुलकुमार पिपरई, धनकुबेर संजीव कुमार, मनीष कुमार, महावीर टी अरिहंत कुंड पर महायज्ञनायक इंजिनियर अनिल कुमार जैन ध्वजारोहण कर्ता सुरेशचंद्र राजीव कुमार चन्देरी इंसान इन्द्र विनोद कुमार लोकेश कुमार अंकित सन्तूरा सनत इन्द्र कमलेश कुमार सचिन कुमार एनएस महेंद्र इन्द्र प्रमोद कुमार प्रसुन कुमार मंगलदीप गणधरगुंड पर भरत चक्रवर्ती सनत कुमार सौरव सचिन सिंघई बाहुबली मनोज कुमार रन्नौद राजू किराना परिवार ब्रह्म इन्द्र एस के जैन सहित अन्य प्रमुख इन्द्र के साथ सैकड़ों भक्तों ने शहद मंत्रोंकचार के साथ सुरेन्द्र मंत्रों रक्षा मंत्रो विभिन्न मंत्रों से आहूतिया समर्पित की। इसके बाद भगवान जिनेन्द्र देव की भव्य रजत पालकी यात्रा वाई-पास रोड़ सोनी कालोनी पछाड़ी खेड़ा रोड़ गांधी पार्क से वापिस मंडी रोड दुवे कालोनी राणा सशिन्द्र सिंह पार्क पछाड़ी खेड़ा रोड होते पार्श्वनाथ मंदिर आई भगवान जिनेन्द्र देव की पालकी का स्थान स्थान पर श्री फल आरती उतार भक्तों ने अपनी श्रद्धा समर्पित की प्रभु की पालकी यात्रा के स्वागत के लिए स्थान स्थान पर रांगोली सजाई गई थी इस यात्रा में इन्द्र इन्द्राणीयो के साथ ही समाज के प्रमुख जन भगवान की पालकी के साथ नाचते झुमते चल रहे थे इस दौरान जैन युवा वर्ग जैन जाग्रति मंडल जैन मिलन भक्तावर मंडल पारस जैन मिलन के साथ ही वामादेवी महिला मंडल नृत्य भक्ति करते हुए चल रहे थे यहां वापसी मन्दिर आकर कलशाभिषेक समारोह में बदल गई।

### महा आरती कर्ता परिवार का जैन समाज ने किया सम्मान

इसके पूर्व साध्या पर श्री सिद्धचक्र महा मंडल विधान एवं विश्वशांतिमहायज्ञ में महा आरती लेकर पहुंचे दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल गौरव कुमार सचिन कुमार टिंगू मिल परिवार के निज निवास से निकाली गई इन का सम्मान समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई, थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल संयोजक मनोज रन्नौद उमेश सिघई मनीष सिघई संजय के टी अंकित सन्तूरा संजीव रिंकु ओडेर मनोज धुर्रा चंकी पर्वा संजीव महावीर तरावली निर्मल मिर्ची हेमंत टडैया सुलभ अखाई सचिन जैन एन एस जे की जैन नीरज जैन सहित अन्य प्रमुख जनो पचरंगा दुपट्टा श्री फल के साथ किया गया किया।

## रेकी के जरिए स्ट्रेस मैनेजमेंट पर किया संशोधन अंजलि संजय पापड़ीवाल को पीएच. डी उपाधि प्रदान

**छत्रपति संभाजीनगर. शाबाश इंडिया**

रेकी के स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर अंजलि संजय पापडीवाल को उदयपुर के श्री महर्षि कॉलेज ऑफ वैदिक एस्ट्रोलॉजी ने पीएचडी प्रदान की है। श्री महर्षि कॉलेज ऑफ वैदिक एस्ट्रोलॉजी यह विश्वविद्यालय नीति आयोग भारत सरकार द्वारा पंजीकृत है और अमेरिका की आईएमए इंटरनेशनल ओपन यूनिवर्सिटी से एफिलिएटेड है। उदयपुर में आयोजित दीक्षांत समारोह में अंजलि संजय पापडीवाल को यह उपाधी प्रदान की गई. इस प्रसंग सारंग, विकास शर्मा, भगवती शंकर, बिंदू सुराणा,




श्री महर्षी कॉलेज के डायरेक्टर विकास चव्हाण, प्रा. पाठक, जीन. मौर्य आदि मंच पर उपस्थित थे। लाभ शंकर जोशी ने मंगलाचरण किया।भागदौड़ की इस जिंदगी में कई छोटे बच्चों से लेकर हर आयु वर्ग के व्यक्ति को किसी ना किसी प्रकार का तनाव रहता है। इसपर रेकी के जरिए स्ट्रेस मैनेजमेंट के लिए किए जाने वाले तरीके पापड़ीवाल ने थेयरी के माध्यम से पेश किए। रेकी सार्वभौमिक जीवन शक्ति है जो हर जगह मौजूद है, इसे अपने अंदर लेना और दूसरों को ठीक करने के लिए इसका उपयोग करना रेकी उपचार की विधि है। यह एक बहुत पुराना प्राकृतिक उपचार है। पापड़ीवाल एक रेकी ग्रैंड मास्टर हैं जो करुणा रेकी, मनी रेकी, अंकशास्त्र, एंजेल थेरेपी, क्रिस्टल थेरेपी, स्विचवर्ड थेरेपी सिखाती है।

# फिल्म 'द मिडिल फिंगर' में चमके लेकसिटी के सितारे



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

स्थानीय कलाकारों को लेकर साकार प्रोडक्शन द्वारा बनायी गई फिल्म ''द मीडिल फिंगर'' को थर्ड स्पेस सभागार में लॉन्च किया गया। प्रोडक्शन से जुड़े आशीष हरकावत ने बताया कि साकार प्रोडक्शन एवं द रॉ फिल्मस की अपहरण को लेकर क्राइम थिलर बेस्ड इस फिल्म के ग्रैंड प्रीमियर अवसर पर खचाखच भरा हॉल देखकर कास्ट एवं क्रू मेंबर्स अभिभूत हो गए। उन्होंने बताया कि गौरव प्रभाकर माली द्वारा डायरेक्ट की गई इस फिल्म में लेकसिटी के अमित गौरव, अनूप जंबानी, काव्या हरकावत, पलक, कायत, नवीन जीनगर, रमेश नागदा, आशुतोष पांडे, भुवन जैन आदि कलाकारों ने काम किया है। इसका बैकग्राउंड म्यूजिक और साउंड डिजाइनिंग विष्णु विक्रम ने की। वहीं इसका बैकग्राउंड स्कोर जयनील दिवाकर ने किया। यह मूवी यूट्यूब पर भी रिलीज कर दी गई।

**रिपोर्ट फोटो राकेश शर्मा 'राजदीप'**

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप वीर ने किया फोर्टिस हॉस्पिटल के डॉक्टर्स एवं मार्केटिंग टीम का सम्मान



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिनांक 30 अगस्त, शुक्रवार को रात्रि 8:30 बजे से 11 बजे तक रॉयल आर्किड, दुर्गापुरा जयपुर में फोर्टिस हॉस्पिटल जयपुर के 17 वर्ष पूर्ण होने की उपलब्धि पर एक इंटरएक्टिव सेशन एवं गालो डिनर का आयोजन किया गया। फोर्टिस हॉस्पिटल के निमंत्रण पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप वीर जयपुर के कई सदस्यों ने कार्यक्रम में शिरकत की। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप वीर जयपुर के अध्यक्ष नीरज जैन एवं सचिव पंकज जैन ने बताया कि इस अवसर पर ग्रुप सदस्यों का फोर्टिस हॉस्पिटल के मार्केटिंग एंड सेल्स हेड मंजीत ग्रोवर एवं सीनियर मैनेजर बृजेश गुप्ता व उनकी टीम के द्वारा शानदार गिफ्ट देकर स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात फोर्टिस जयपुर से स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स ने अपने अपने क्षेत्र में फोर्टिस जयपुर में उपलब्ध विश्व स्तरीय इलाज एवं चिकित्सा सुविधाओं के बारे में उपस्थित अथितियों को जानकारी दी, साथ ही पूछे गए सवालों के जवाब दिए। मेडिकल सेशन के पश्चात स्वागत कार्यक्रम में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप वीर जयपुर के उपस्थित सदस्यों ने मंच पर फोर्टिस हॉस्पिटल जयपुर की उपस्थित मेडिकल टीम एवं मार्केटिंग टीम का माला, दुप्पटा पहनाकर एवं प्रशस्ति देकर सम्मान किया तथा सभी को फोर्टिस हॉस्पिटल जयपुर के सफलतापूर्वक 17 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी। इस अवसर पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राज. रीजन के अध्यक्ष राजेश बड़जात्या एवं महासचिव निर्मल संघी, डी जे एस जी विराट के अध्यक्ष बसंत जैन बैराठी, वीर ग्रुप से कोमल जैन, अंकित जैन, रिषभ जैन, ऋषिका जैन, वीर जैन, अभिलाषा पाटोदी, संजय जैन, सुनीता जैन, आन्या जैन, अवनि जैन की उपस्थिति रही।

# यह नुस्खा आपको 40 दिन में करेगा दुरुस्त, आएगी अपार पावर



**डॉ पीयूष त्रिवेदी**
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय
राजस्थान विधानसभा,जयपुर।
9828011871

आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में लोगो का ध्यान अपने खान पान पर नहीं रहता है। ऐसे में लोगो में शारीरिक कमजोरी बेहद आम बात हो गयी है। इंसान कितना भी धनि हो परन्तु शरीर का धन ना हो तो सारा पैसा व्यर्थ हो जाता है। शरीर की कमजबूत बनावट और कमजोरी रहित शरीर एक स्वस्थ व्यक्ति की पहचान मानी जाती है। हम में से कई शरीर की कमजोरी से जूझ रहे हैं। हम आपको आज एक ऐसे उपाय के बारे में बताएँगे जिससे आप बेहद आसानी से अपने शरीर की कमजोरी को दूर कर बलवान बन पाएंगे। इस घरेलू नुस्खे के कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं है और यह तरीका भी बेहद सस्ता है।

**शरीर की कमजोरी को दूर करने के उपाय:** दुर्बलता (कमजोरी): पके अंजीर को बराबर की मात्रा में सौंफ के साथ चबा-चबाकर सेवन करें। इसका सेवन 40 दिनों तक नियमित करने से शारीरिक दुर्बलता दूर हो जाती है।

**कमजोरी दूर करने के लिए मेवों का इस्तेमाल:** इसके लिए आपको एक गिलास दूध में 2 काजू, 2 बादाम और 5 छुहारो का पाउडर बना कर इसे अच्छी तरह मिलाकर पीना है। आप इसके मिठास के लिए मिश्री मिला सकते हैं। इस मिश्रण को रात में खाने के बाद मिलाकर पीने से शरीर की कमजोरी दूर हो जाती है।

**ताकत को बढ़ाने वाला:** सूखे अंजीर के टुकड़े और छिली हुई बादाम गर्म पानी में उबालें। इसे सुखाकर इसमें दानेदार शक्कर, पिसी इलायची, केसर, चिरौंजी, पिस्ता और बादाम बराबर मात्रा में मिलाकर 8 दिन तक गाय के घी में पड़ा रहने दें। बाद में रोजाना सुबह 20 ग्राम तक सेवन करें। छोटे बालकों की शक्तिक्षीण के लिए यह औषधि बड़ी हितकारी है।

**केले के साथ दूध के साथ इस्तेमाल:** इसके लिए आपको सुबह आधा लीटर दुध के साथ चार केलो का सेवन करना होगा। रात में खाने के बाद भी आपको आधा लीटर दूध के साथ चार केलो का सेवन करना होगा। केला और दुध का एक साथ सेवन करने से शरीर में वसा बढ़ने लगती है जिससे शरीर मोटा होने लगता है। ये उपाय पतले लोगो के लिए बेहद लाभकारी है।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# पुलिस अधीक्षक अजमेर ने साइबर-सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

अजमेर। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल अजमेर के सभागार में पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा समस्त स्टाफ को वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने के लिए चेताया।उन्होंने एक व्यावहारिक भाषण देते हुए कहा कि सोशल मीडिया व्यक्ति के जीवन को सुविधा संपन्न तथा आराम दायक बनाने के लिए एक बेहतरीन प्लेटफार्म है, परंतु दुःखद बात यह है कि यह मनुष्य को अपना गुलाम बना रही है।साइबर अपराधी इसका भरपूर दुरुपयोग कर रहे हैं और लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं।ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों के लक्षण - कौवे की- सी चेष्टा, बगुले का- ध्यान, कुत्ते की तरह नींद तथा अल्पाहार आवश्यक है।साइबर ठगों का शिकार होने से बचने के लिए अति आवश्यक है कि उनके द्वारा दिए गए लालच में बिल्कुल न फंसें। अपने घर के संस्कार इतने उत्तम हों कि बेटे तथा बेटियाँ परिवार के मुखिया की बात मानें। घर के सदस्य आपस में बातचीत करें।मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग में समय की बरबादी से बचें। इस कार्यक्रम के आयोजन में सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश जैन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य एवं प्रशासनिक अधिकारी मेजर अजय देशपांडे ने पुलिस अधीक्षक के भाषण की भूरि - भूरि सराहना की तथा उन्हें और प्रकाश जैन को स्मृति- चिह्न भेंट कर आभार जताया।

### मुनिश्री 108 पावनसागर जी महाराज ने कहा...

# जिस जीव के जैसे भाव होते हैं उसको वैसा ही फल मिलता है




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभ जी दुर्गापुरा में परम पूज्य मुनि श्री 108 पावनसागर जी महाराज ने शनिवार दिनांक 31.08.2024 को षोडश कारण पर्व के अवसर पर प्रवचन करते हुए बताया कि, जिस जीव के जैसे भाव होते हैं उसको वैसा ही फल मिलता है कभी अपने भावों के विपरीत फल नहीं मिलतो चारों गतियां एवं तीर्थंकर का पुण्य पद भी भावों का ही परिणाम है।जिसकी इच्छाएं और प्रबल भावनाएं यह रहती है कि मैं संसार का उद्धार करूं, जगत के दुखी जीवों को सुख का मार्ग बताऊं और उनका कल्याण करूं, उसी के तीर्थंकर नाम की महान पुण्य प्रकृति का बंध होता है और वही तीर्थंकर के पूज्य पद को पाता है।ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चन्द चांदवाड़ एवं मंत्री राजेन्द्र काला ने बताया कि प्रवचन से पूर्व दीप प्रज्वलन प्रवीण जैन मित्तल कल्याण नगर वाले एवं सहयोगियों ने, मंगलाचरण ज्ञान चन्द जैन ने एवं शास्त्र भेंट श्रीमती विमला पांड्या, श्रीमती रेणु पांड्या, एवं मनीष बैद ने किया।संयोजक कमल छाबड़ा डॉ वन्दना जैन ने बताया कि षोडश कारण महापर्व के अवसर पर प्रतिदिन प्रातः 8.30 बजे मुनिश्री के प्रवचन सांयकाल 7 बजे आरती आनंद यात्रा तथा रात्रि 8:00 बजे से पंडित अजित जैन 'आचार्य' के द्वारा तत्व चर्चा की जा रही है।

# राजस्थान जैन युवा महासभा के पदाधिकारियों ने लिया उपाध्याय उर्जयन्त सागर जी महाराज का मंगल आशीर्वाद




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर प्रतापनगर सेक्टर 8 में चातुर्मासरत उपाध्याय उर्जयन्त सागर जी महाराज के दर्शनार्थ पधारे राजस्थान जैन युवा महासभा के पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन , प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, जिला अध्यक्ष संजय पाण्डया, जिला कार्याध्यक्ष कमल सरावगी, भारत भूषण जैन, सांगानेर संभाग अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया, महामंत्री एडवोकेट महावीर सुरेन्द्र जैन, प्रतापनगर जोन अध्यक्ष पारस जैन बिची, ग्रामीण जोन महामंत्री पत्रकार अमन जैन कोटखावदा सहित सभी ने उपाध्याय श्री को श्रीफल भेट कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के कोषाध्यक्ष समाजश्रेष्ठी विवेक काला ने भी सपरिवार उपाध्याय श्री को श्रीफल भेंटकर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।इस मौके पर दुर्गापुरा निवासी नेमी निगोतिया, श्रीमती आशा काला भी साथ थे।मंदिर कमेटी की ओर मंत्री महेन्द्र जैन पचाला , कोषाध्यक्ष धर्मचंद पराणा, चातुर्मास कमेटी के मुख्य संयोजक जिनेन्द्र जैन जीतू, आदि ने सभी अतिथियों का भाव भीना स्वागत किया।

# मान्यवास मंदिर में भक्तामार रिद्धि अनुष्ठान का आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



श्री 1000 श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मन्दिर, 6डी इंजीनियर कॉलोनी मान्यवास में दिनांक 31 अगस्त 2024 को भक्तमार स्तोत्र के पाठ का 48 दीपक के साथ आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर अनेक गणमान्य श्रोताओं ने उपस्थिति रहकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। मंदिर कमेटी के कमल छाबड़ा ने बताया कि यह आयोजन गौरवमती माताजी की स्मृति में उनकी द्वितीय पुण्य तिथि पर रखा गया था।कार्यक्रम तिथिः 31 अगस्त 2024, शनिवार, सायं 07.30 बजे से शुरू हो गया था। सकल दिगंबर जैन समाज मान्यवास जयपुर गौरव मति माताजी के द्वितीय अंतर विलय दिवस पे मान्यवास मंदिर में भक्तामार रिद्धि अनुष्ठान का आयोजन दिनांक 31-08-2024 को भक्तगण के द्वारा किया गया।

# जैन बैंकर फोरम द्वारा उप मुख्यमंत्री के सानिध्य में पौधारोपण कार्यक्रम



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान के उप मुख्य मंत्री प्रेमचंद बैरवा के 55वें जन्म वर्ष के अवसर पर उनकी धार्मिक भावना के मध्यनजर उनकी अपनी कर्म भूमि के निकट जैन मुनि गुणसागर जी मुनिराज की साधना स्थली एवं समाधि स्थली श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर गुणस्थली परिसर में जैन बैंकर्स फोरम ने पचपन पौधा रोपण बड़ी साइज के एवं छोटी साइज के मिलाकर कुल 101 पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बने । प्रेमचंद बैरवा उप मुख्यमंत्री अपने जन्म दिवस पर तीर्थ के दर्शनार्थ पधारे एवं अपने हाथो से पौधा रोपण किया। जैन बैंकर्स फोरम की ओर से भागचंद जैन मित्रपुरा, पदम बिलाला, निहाल जैन, सुकेश काला, निर्मल पाटोदी, जितेंद्र जैन, सुरेश जैन, मंजु - सुरेश पाटनी, राजेंद्र ठोलिया; दिंगबर जैन महासमिति के सुनील काला चंदलाई एवम धर्मगुण अमृत ट्रस्ट की ओर से अशोक जैन बोर्ली वाले, जय कुमार जैन, महेंद्र जैन, विनोद जैन, नवीन जैन, कमल जैन ने अशोक, गुलमोहर, नीम, महुआ, नीबू, जामुन, हार श्रंगार, मीठा नीम आदि प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। गुणस्थली परिसर में लगाए गए पौधों की समुचित देखभाल की व्यवस्था है। पर्यावरण के असंतुलन में जल, वायु, ध्वनि, मृदा, प्रकाश प्रदूषण को ग्लोबल वार्मिंग का कारण माना है, बचाव हेतु वृक्षारोपण ही सबसे सरल एवं प्रभावी उपाय है।इसी भावना को ध्यान में रखते हुए जैन बैंकर्स फोरम पौधारोपण का कार्यक्रम जारी रखे हुए है। कार्यक्रम का संयोजन निहाल चंद जैन ने किया।

# जैन सोशल ग्रुप ग्लोरी जयपुर द्वारा मिसेस राजस्थान 2024 - ग्रांड फिनाले कार्यक्रम मे सहभागिता निभाई



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप ग्लोरी जयपुर द्वारा बिरला ऑडिटोरियम मे किये गए मिसेस राजस्थान 2024 ग्रांड फिनाले मे अपनी सहभागिता निभाई। अध्यक्ष पीयूष सोनी जैन ने बताया की फिनाले का कार्यक्रम आकर्षक भरे राउंड द्वारा किया गया जिसमे कुल 17 प्रतियोगियों ने भाग लिया ! इसमें डिजाइनर माधुरी चेतवानी की ड्रेसेस के कलेक्शन को पहनकर फाइनल राउंड किया गया। मिसेस राजस्थान 2024 कार्यक्रम का आयोजन योगेश निमिषा मिश्रा फ्यूशन ग्रुप द्वारा हर साल किया जाता है। योगेश मिश्रा द्वारा जैन सोशल ग्रुप ग्लोरी के अध्यक्ष पीयूष सोनी जैन का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसमें प्रथम स्थान पर मिसेस सलोनी 2024 रही, साक्षी नंदावत प्रथम रनर अप रही । जैन सोशल ग्रुप ग्लोरी के ग्लोरियस ने मिसेस राजस्थान 2024 के कार्यक्रम को देखने का आनंद लिया। जैन सोशल ग्रुप ग्लोरी द्वारा सभी जीते गए प्रत्यासियों को गिफ्ट्स देकर सम्मानित किया गया। अंत मे आये हुए सभी 100 ग्लोरियस मेंबर्स का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। आगामी भाव आयोजन 1 सितंबर को बड़ के बालाजी में आदिनाथ जैन मंदिर में पूजन और प्रीति भोज का सभी ग्लोरी मेंबर्स के लिए किया गया है।



# श्री चंदप्रभ दिगंबर जैन महिला मंडल पटेल नगर झोटवाड़ा के चुनाव सम्पन्न



## पूनम चांदवाड पुनः बनी निर्विरोध अध्यक्ष



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री चन्द्रप्रभू दिगम्बर जैन महिला मण्डल झोटवाडा की कार्यकारिणी का पुनः निर्विरोध निर्वाचन मंदिर कमेटी अध्यक्ष फूलचंद बकलीवाल एवं मंत्री रवि जैन की उपस्थिति में हुआ ।जिसमें श्रीमती पूनम चांदवाड झोटवाडा पुनः निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुई है। इस मौके पर श्रीमती चांदवाड ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की जिसके अनुसार श्रीमती चंद्रप्रभा बड़जात्या -उपाध्यक्ष, श्रीमती सरिता जैन- मंत्री, श्रीमती संगीता छाबड़ा- संयुक्त मंत्री, श्रीमती सुमन जैन- कोषाध्यक्ष, श्रीमती जूली जैन- उपकोषाध्यक्ष, श्रीमती प्रीति सोगानी- सांस्कृतिक मंत्री, श्रीमती भाविका जैन- उप सांस्कृतिक मंत्री बनाये गये हैं। इसी प्रकार कार्यकारिणी सदस्यों में श्रीमती इंदिरा काला, श्रीमती मंजू जैन, श्रीमती राजुल जैन, श्रीमती वंदना जैन, श्रीमती सरिता पाटनी, श्रीमती कांता पांड्या, श्रीमती मंजू गंगवाल, श्रीमती रितु बडजात्या, श्रीमती आशा जैन , श्रीमती मिनाक्षी जैन, श्रीमती सोनिया बड़जात्या, श्रीमती संतोष पाटनी, श्रीमती आरती काला मनोनीत की गई है। वरिष्ठ सदस्यों में श्रीमती सुधा बड़जात्या, श्रीमती सुशीला छाबड़ा, श्रीमती शिमला जैन को चुना गया है। श्रीमती चांदवाड के पुनः निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने पर राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा,जयपुर जिला अध्यक्ष संजय पाण्डया, जिला महामंत्री सुभाष बज,वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन पाण्डया, राजस्थान जैन सभा जयपुर के महामंत्री मनीष बैद, राजीव पाटनी, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर झोटवाडा प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष धीरज पाटनी युवा महासभा की जिला संयुक्त महामंत्री मीना चौधरी, रेखा पाटनी, युवा महासभा के झोटवाडा सम्भाग अध्यक्ष तरुण जैन सहित कई गणमान्य लोगों ने श्रीमती पूनम चांदवाड झोटवाडा एवं उनकी पूरी टीम को बधाईयाँ प्रेषित की है।

# तेरापंथ युवक परिषद जयपुर द्वारा सम्मानित नवीन कुमार भंडारी ने आभार व्यक्त किया

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** तेरापंथ युवक परिषद जयपुर द्वारा आज तेरापंथ धर्म संघ के चतुर्थ आचार्य श्री मद् जयाचार्य जी के 144 में निर्वाण दिवस के अवसर पर साधना का प्रज्ञा पीठ, रामनिवास बाग समारोह में नवीन कुमार भंडारी को परम श्रद्धेय आचार्य श्री महाश्रमण के सुशिष्य मुनि श्री तत्व रुचि जी तरुण, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, राजस्थान भाजपा महामंत्री अजीत मांडन के सम्मुख सम्मानित किया गया। इस अवसर पर, भंडारी ने अपने हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मान न केवल मेरे लिए, बल्कि मेरे परिवार और संगठन के लिए भी एक सम्मान है। भंडारी ने कहा, मैं तेरापंथ युवक परिषद जयपुर, के प्रति अपने हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह सम्मान मेरे लिए एक बड़ा सम्मान है और मैं इसके लिए सदा आभारी रहूंगा।इस अवसर पर, तेरापंथ युवक परिषद , जयपुर ने भंडारी को सम्मानित करते हुए कहा कि भंडारी जी की सेवाएं और समर्पण हमारे समाज को सदैव ही मिलता रहता हैं।

